दिन– गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 18 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – छात्राओं की सुरक्षा के लिए विद्यालयों और कॉलेजों के आस–पास पुलिस दीदी तैनात की जाएंगी।

02 केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव कल एक दिवसीय बिहार दौरे पर। कई रेल परियोजनाओं की देंगे सौगात।

03. वरिष्ठ अधिवक्ता एस.डी. संजय बने राज्य के नये महाधिवक्ता। विधि विभाग ने जारी की अधिसूचना।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान बेगूसराय, लखीसराय और मुंगेर जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि छात्राओं और बेटियों की सुरक्षा के लिए राज्य के विद्यालयों और कॉलेजों के आसपास 'पुलिस दीदी' की तैनाती की जाएगी। वे पटना के गांधी मैदान में बिहार गृह रक्षा वाहिनी के नव–नामांकित गृह रक्षकों के पासिंग आउट परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि करीब पांच हजार स्कूटी और मोटरसाइकिल से पुलिस दीदी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगी, जिससे छात्राओं को सुरक्षित और सकारात्मक माहौल मिल सकेगा।

––साउंड बाइट––

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार गृह रक्षा वाहिनी का सशक्त और आधुनिक स्वरूप राज्य की प्रगति, विकास और बेहतर कानून–व्यवस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और समृद्ध बिहार के निर्माण में पुलिस बल तथा गृह रक्षा वाहिनी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में अपराध और अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है तथा कानून का राज हर हाल में कायम रहेगा।

––साउंड बाइट––

मुख्यमंत्री ने बताया कि गृह रक्षकों का दैनिक भत्ता सात सौ चौहत्तर रुपये से बढ़ाकर एक हजार एक सौ इक्कीस रुपये किया गया है। उन्होंने नवप्रशिक्षित जवानों से अनुशासन, निष्ठा और जनसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

---

बिहार के पहले उपमुख्यमंत्री बिहार विभूति अनुग्रह नारायण सिंह की आज जयंती है। इस अवसर पर बिहार विधानमंडल परिसर में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार विभूति की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इधर, पटना के अनुग्रह नारायण कॉलेज का स्थापना दिवस भी आज मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हमें ऐसी व्यवस्था और बुनियादी संरचना विकसित करनी है, जिससे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था और सशक्त हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि प्रदेश के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े, बल्कि उन्हें अपने ही राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सभी सुविधाएं उपलब्ध हों।

––साउंड बाइट––

---

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव कल एक दिवसीय बिहार दौरे पर पटना आ रहे हैं। ब्योरा हमारी संवाददाता से....

––रिपोर्ट––

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री वैष्णव सुबह पटना पहुंचेंगे और सॉफ्टवेयर टेक्नॉलोजी पार्क ऑफ इंडिया–एसटीपीआई, पटना का दौरा करेंगे, जहां वे सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचार से जुड़े कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके बाद केंद्रीय मंत्री पाटलिपुत्र जंक्शन पहुंचेंगे और वहां से रेल मार्ग से छपरा जाएंगे। छपरा रेलवे स्टेशन पर वे छपरा–आनंद विहार टर्मिनल नई रेल सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर श्री वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मऊ–आनंद विहार टर्मिनल रेल सेवा तथा दोहरीघाट–औड़िहार रेल सेवा के वाराणसी तक विस्तार का शुभारंभ भी करेंगे। इसके उपरांत केंद्रीय मंत्री मरहौरा स्थित रेल इंजन कारखाने का दौरा करेंगे और वहां 51वें निर्यात लोकोमोटिव को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उनके दौरे को लेकर प्रशासन और रेलवे की ओर से सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आशीष रंजन के साथ समाचार कक्ष से मैं निधि श्री।

---

वरिष्ठ अधिवक्ता एस. डी. संजय बिहार के नए महाधिवक्ता नियुक्त किए गए हैं। इस संबंध में विधि विभाग ने अधिसूचना जारी की है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ने उनकी नियुक्ति की है। श्री संजय पटना उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। इससे पहले वे भारत सरकार में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने श्री संजय को नया महाधिवक्ता नियुक्त किये जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

केंद्रीय मंत्री और मुंगेर के सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। श्री सिंह मुंगेर के पोलो मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि "12 साल बेमिसाल" केवल नारा नहीं, बल्कि केंद्र सरकार के कार्यों की वास्तविक उपलब्धियों का प्रतिबिंब है। श्री सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी राज्य के विकास कार्यों को और गति देंगे।

———————————————————————

भारत–नेपाल सीमा प्रबंधन और सुरक्षा को लेकर आज मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में नो–मेन्स लैंड, गायब सीमा पिलर के पुनर्गठन, सीमावर्ती क्षेत्रों से शेष अतिक्रमणों को तत्काल हटाने तथा संदिग्ध वित्तीय और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि सीमा क्षेत्र में चिन्हित एक हजार तीन सौ उनसठ अतिक्रमणों में से एक हजार तीन सौ उनचास को हटाया जा चुका है। मुख्य सचिव ने सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा एजेंसियों और जिला प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

———————————————————————

केंद्र सरकार वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में छब्बीस हजार किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों का निर्माण करेगी। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–पीएम.जी.एस.वाई. और संबंधित ग्रामीण संपर्क पहलों के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए अठारह हजार नौ सौ करोड़ से अधिक रुपए आवंटित किए गए हैं। ग्रामीण सड़क संपर्क परियोजनाओं की प्रगति का आकलन करने के लिए एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण विकास विभाग के सचिव रोहित कंसल ने की, जिसमें बिहार समेत कई राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा. उन्होंने कहा कि भाजपा अपने संकल्पों को पूरा करने वाली पार्टी है। मुख्यमंत्री आज पटना जिले के नौबतपुर प्रखंड के पीपलावां में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से राज्य सरकार के सहयोग पोर्टल का व्यापक प्रचार–प्रसार करने और लोगों की समस्याओं को पोर्टल के माध्यम से सरकार तक पहुंचाने की अपील की, ताकि उनका त्वरित समाधान हो सके।

––साउंड बाइट––

श्री चौधरी ने सीतामढ़ी में निर्माणाधीन मां सीता मंदिर का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा और इसका निर्माण कार्य वर्ष दो हजार उनतीस से पहले पूरा कर लिया जाएगा। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, विक्रम विधायक सिद्धार्थ सौरभ तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

————————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून अब भी कमजोर बना हुआ है। हालांकि स्थानीय कारकों के प्रभाव से राज्य के उत्तर–पूर्व भाग के कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज जिले के गलगलिया में सबसे अधिक उनहत्तर दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान बेगूसराय, लखीसराय और मुंगेर जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, विभाग ने पटना सहित पंद्रह जिलों के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

––साउंड बाइट––

मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है। इधर, बयालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस के साथ कैमूर का भभुआ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

————————————————————————————

भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव में भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में कर्तव्यहीनता और लापरवाही बरतने के आरोप में शाहाबाद प्रक्षेत्र

के डीआईजी डॉक्टर सत्यप्रकाश ने भोजपुर एसपी राज की अनुशंसा पर शाहपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार मालाकार सहित पांच पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

———————————————————————

प्रदेश के छह जिलों में बीस जून से पासपोर्ट सेवा केन्द्र काम करने लगेगा। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी चम्पारण के मोतिहारी, पश्चिम चम्पारण के बेतिया, अररिया के फारबिसगंज, गोपालगंज, सीवान और गयाजी में यह सेवा केन्द्र खोले गये हैं।

———————————————————————

रोहतास जिले के धनगाई स्थित कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी के सहयोग से प्राकृतिक खेती पर जिला कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में किसानों को जीवामृत, बीजामृत और फसल विविधीकरण जैसी तकनीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग दो सौ पचास किसानों और जीविका समूह की महिलाओं ने भाग लिया तथा प्राकृतिक खेती अपनाने का संकल्प लिया।

———————————————————————

वहीं, सारण जिले के सोनपुर विधानसभा क्षेत्र के डुमरी बुजुर्ग में प्राकृतिक खेती विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी और इसके लाभों से अवगत कराया गया।

———————————————————————

मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान दरभंगा के विभिन्न परीक्षा केंद्रों से छह फर्जी अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित नवादा, गया, अरवल, रोहतास, भोजपुर और भागलपुर के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से ब्लूटूथ, वाकी टॉकी सहित कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं। मामले को लेकर जिले के विभिन्न थानों मे प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

———————————————————————

कटिहार जिले के फलका थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक सौ दो ग्राम स्मैक और एक बिना नंबर की स्पोर्ट्स बाइक बरामद की है।

————————————————————

अररिया जिले के भारत नेपाल सीमा से सटे बसमतिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन से एक सौ उन्नीस ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

रोहतास के करगहर थाना क्षेत्र के बाउर गांव में तालाब में डूबने से सगे भाई–बहन की मौत हो गयी।

————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – छात्राओं की सुरक्षा के लिए विद्यालयों और कॉलेजों के आस–पास पुलिस दीदी तैनात की जाएंगी।

02 केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव कल एक दिवसीय बिहार दौरे पर। कई रेल परियोजनाओं की देंगे सौगात।

03. वरिष्ठ अधिवक्ता एस.डी. संजय बने राज्य के नये महाधिवक्ता। विधि विभाग ने जारी की अधिसूचना।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान बेगूसराय, लखीसराय और मुंगेर जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।